प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 19 प्रस्ताव हुए पारित : पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर छात्रवृत्ति योजना को मिली मंजूरी, हर वर्ष 5 छात्रों को मिलेगा विदेश में पढ़ने का मौका।
2. मुख्यमंत्री ने संभल में 659 करोड़ रुपए की 222 परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– विरासत के संरक्षण से सार्थक होता है विकास।
3. मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां तेज़: साफ सफाई, सजावट और सुरक्षा को लेकर ज़िलाधिकारी ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

और

4. प्रदेश के 24 ज़िलों के करीब 1200 गांव बाढ़ से प्रभावित : नगर विकास मंत्री ए.क. शर्मा ने वाराणसी, बलिया और गाज़ीपुर का दौरा कर जाना पीड़ितों का हाल।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 19 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि राज्य में

तीन निजी विश्वविद्यालयों के संचालन के प्रस्ताव को आज कैबिनेट में पास किया गया। इसके अलावा मेधावी छात्रों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर छात्रवृत्ति योजना को भी मंजूरी दी गई है। बाइट.....

*श्री अटल बिहारी वाजपेयी शिवनिंग उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना इसके संचालन का प्रस्ताव आज पारित हुआ है। शिवनिंग ब्रिटिश काउंसिल की एक प्रशासनिक इकाई है। इसके और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच में ये करार हुआ है। इस योजना से आर्थिक रूप से जो कमजोर छात्र लेकिन प्रतिभावान है उनको विदेशों में मास्टर डिग्री के लिए सुविधा उपलब्ध होगी। इस योजना के अंतर्गत पाँच प्रतिभावान छात्रों को यूके के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में मास्टर डिग्री प्राप्त करने के लिए एक विषय में एक वर्ष का धन हेतु छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।*

कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने बताया कि एमएसएमई विभाग की उत्तर प्रदेश फुटवियर लेदर और नॉन लेदर विकास नीति 2025 औऱ उत्तर प्रदेश लघु सूक्ष्म एवं मध्यम औद्योगिक संस्थान प्रबंधन नीति को भी आज कैबिनेट ने पारित किया है। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश फुटवियर लेदर नॉन लेदर क्षेत्र में जो विकास की नीति है इसको भी पास किया गया है। हमारे यहां कोई पॉलिसी न होने से इन लोगों को दिक्कत हो रही थी। हम लोग इसमें पिछड़ रहे थे तो इसमें इस नीति के माध्यम से जो वैश्विक बाजार को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में जो फिट वियर और नॉन लेदर के उत्पाद में निर्यात को बढ़ावा देना। इस नीति के माध्यम से नए निवेश को आकर्षित करना।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज संभल में 659 करोड़ रुपए की 222 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संभल एक ऐतिहासिक ज़िला है जहां विभिन्न तीर्थ और परिक्रमा मार्ग थे। उन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे उन्होंने काशी विश्वनाथ और सोमनाथ मंदिरों का पुनरोद्धार किया, वैसे ही संभल के तीर्थों को भी नया जीवन दिया जाएगा। बाइट.....

*अब हमारी सरकार ने तय किया है। अड़सठ के अड़सठ तीर्थों को उन्नीस के उन्नीस कूपों को परिक्रमा मार्ग के पुनरुद्धार का कार्य अब ये डबल इंजन की सरकार उठाएगी। ये हमारा दायित्व भी है नैतिक कर्तव्य भी है क्योंकि विकास तभी सार्थक होता है जब वो विरासत के साथ जुड़ती है। ये विरासत का संरक्षण भी है। आने वाले वर्तमान और भविष्य के सुनहरे सपने को उड़ान देने के लिए उन्हें विकास की प्रक्रिया से जोड़ने का एक अभियान भी है।*

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा के आह्वान का समर्थन करते हुए सभी से तिरंगा फहराने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही संभल संवाद ऐप का भी उद्घाटन किया।

———————————

निर्वाचन आयोग ने आज उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अधिसूचना जारी कर दी।

उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन 21 अगस्त तक दाखिल किए जा सकते हैं और मतदान 9 सितंबर को होंगे। पेश है एक रिपोर्ट.....

*पिछले महीने उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद यह चुनाव आवश्यक हो गया है। यह 17वाँ उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होगा। उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं। अधिसूचना के अनुसार, इच्छुक उम्मीदवार इस महीने की 21 तारीख तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जाँच 22 अगस्त को होगी, जबकि नाम वापस लेने की अंतिम तिथि इस महीने की 25 तारीख होगी। मतगणना नौ सितंबर को होगी। सकलेन अख्तर आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने आज कानपुर में 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर आयोजित बुनकर सम्मान समारोह में शिरकत की। इस दौरान संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना के

अंतर्गत प्रदेश के 13 जनपदों के 39 उत्कृष्ट बुनकरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बुनकरों के हितों की रक्षा और हथकरघा उद्योग के संवर्धन के लिए लगातार काम कर रही है।

——————————

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर मथुरा में विशेष तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना के देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बैठककर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर समीक्षा भी की गई। ज़िलाधिकारी ने बताया कि जन्माष्टमी को भव्य रूप से मनाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था समेत सड़कों की मरम्मत, मार्गों का सौंदर्यीकरण और शहर की सजावट पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बाइट......

*पूरे मथुरा को पूरे वृंदावन को और पूरे हमारे मथुरा जनपद को किस तरीके से साफ सफाई का मानक स्थापित किया जाए, कैसे उनको सजाया जाए जो लाखों लाख श्रद्धालु आते हैं उनको यहाँ किसी प्रकार की असुविधा न हो और यहाँ की छटा क्योंकि भगवान जी का जन्मदिन हम लोग मनाते है वो एक बहुत ही दिव्य और भव्य तरीके से मनाई जाये। इसी के लिए हम लोगों ने तैयारी बैठक रखी है और मेरा पूरा प्रयास रहेगा की इस बार की जो जन्माष्टमी है वो चाहे वो सफाई का मानक हो, चाहे सजावट का मानक हो, चाहे भंडारों में व्यवस्था का मानक हो वो एक उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में पेश हो।*

——————————

प्रदेश में 2 अगस्त से 15 अगस्त तक चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में लखनऊ स्थित ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में "तिरंगा थीम पर राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शाहजहांपुर में भी जिले के परिषदीय विद्यालयों में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छात्रों से अपील की गई कि वे अपने—अपने घरों पर तिरंगा फहराकर अभियान को सफल बनाएं। अमरोहा में स्कूली बच्चां की बनाई हुई तिरंगा राखियां भारतीय सेना के जवानों को भेजी जाएंगी।

——————————

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग 23 से 25 सितंबर के बीच फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित होने जा रहे इंटरनेशनल एंड फ्रेंच ट्रैवल मार्केट— टॉप रेसा 2025 में भागीदारी करेगा। इस आयोजन में 120 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

——————————

प्रदेश में रुक रुक कर हो रही बारिश से करीब 24 जिलों के 1200 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। बदायूं, वाराणसी, बलिया और गाज़ीपुर में गंगा, लखीमपुर खीरी में शारदा,

बाराबंकी, अयोध्या, और बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। नेपाल से पानी छोड़े जाने के कारण अयोध्या में सरयू नदी भी खतरे के निशान के पार पहुंच गई है। सभी बाढ़ चौकियो को अलर्ट किया गया है। बाढ़ की स्थिति का जायज़ा लेने पहुंचे एसडीएम सदर राम प्रकाश तिवारी ने लोगों से अपील की है कि वे सुरक्षित स्थान पर शरण लें। बाइट....

*कल भी हम लोगों ने यहां ग्रामवासियों को हिदायत दी थी और आज भी हम लोगों ने वार्ता की है। ग्रामवासियों को सारी सुविधाएं दी जा रही है। लोगों को यह सख्त हिदायत दी गई है कि जो भी बाढ़ से बचाव है उसको अपनाएं और किसी भी समय हमारे बाढ़ केन्द्र पर चलने के लिए तैयार रहें। जहां तक ग्रामवासियों से वार्ता हुई ग्रामवासियों की मांग पर कल यहां हम एक मेडिकल की टीम और एक वेटरनरी डॉक्टर की टीम यहां भेज रहे हैं जिससे एक बार लोगों का प्रारंभिक चिकित्सा जांच कराई जा सके।*

प्रदेश सरकार के मंत्री बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। इसी क्रम में मंत्री ए.के. शर्मा ने भदोही, वाराणसी, मऊ और जौनपुर में बाढ़ प्रबंधन और राहत कार्यों का जायजा लिया। साथ ही बाढ़ प्रभावित इलाकों में जाकर आमजन से उनकी समस्याएं जानीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में राज्य केपूर्वी हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान जताया है।

(समाप्त)